आनंदालय
वार्षिक परीक्षा
कक्षा: छठी

विद्या सवर्थि साधिका

अधिकतम अंक : 80
निर्धारित समय : 3 घंटे

विषय : हिंदी
दिनांक : 23-02-2024

सामान्य निर्देश:
1) इस प्रश्न-पत्र में दो खंड हैं- खंड 'अ' और 'ब'
2) खंड 'अ' में कुल 7 बहुवीकल्पीय प्रश्न ( 40 उप प्रश्न सहित ) हैं ।
3) खंड 'ब' में कुल 7 वर्णनात्मक प्रश्न पूछे गए हैं ।प्रश्नों के उचित आंतरिक विकल्प भी दिए गए हैं ।
4) प्रश्नों के उत्तर दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए दीजिए ।
5) यथासंभव दोनों खंडों के प्रश्नों के उत्तर क्रमशः लिखिए ।
6) वस्तुपरक प्रश्नों की क्रमसंख्या व चयनित उत्तर पूर्ण व स्पष्टरूप से लिखना आवश्यक है ।

## खंड- 'अ' (बहुवैकल्पिक प्रश्न)

1. निम्नलिखित गद्यांश के नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दीजिए - (1x5=5)

विद्यार्थी अर्थात जो विद्या या ज्ञान को चाहता है । विद्यार्थी-काल मानव जीवन का स्वर्णिम काल होता है । इस काल में विद्यार्थी जो भी सीखता है , उसका असर सीधे-सीधे उसके व्यक्तित्व पर भी पड़ता है । विद्यार्थी का पहला कर्तव्य है कि वह अपने माता-पिता और गुरु का सम्मान करे और उनके दिशा-निर्देशों पर चले और पूरी लगन एवं परिश्रम से अध्ययन करे । विद्यालय को स्वच्छ रखना और दूसरों को भी स्वच्छ रखने के लिए प्रेरित करना विद्यार्थी का कर्तव्य होता है । विद्यार्थियों का दायित्व है कि वे अपने सहपाठियों के साथ प्यार से रहें, एक दूसरे की सहायता करें, आपस में ईर्ष्या , घृणा तथा कटुता जैसी भावना न रखें । खुद को बुरी संगत का शिकार न बनने दें । विद्यार्थियों का कर्तव्य सिर्फ पुस्तकों का ज्ञान हासिल करना नहीं है । विद्यालय में खेल-कूद, चित्रकारी तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लेना भी जरूरी है । ऐसा करके वे अपने अंदर छिपी प्रतिभा को जान पाते हैं तथा उसी प्रतिभा के बल पर खुद की पहचान बना सकते हैं । विद्यार्थी को चाहिए कि वह अपने राष्ट्र के प्रतीकों, राष्ट्रगान तथा संविधान का सम्मान करे । राष्ट्र की गरिमा को ठेस पहुँचे, ऐसा कार्य कभी नहीं करना चाहिए । विद्यार्थी को हमेशा राष्ट्र के हित की चिंता कर देश के लिए कुछ करना चाहिए , जिससे अपने देश का नाम रोशन कर सके ।

(i) विद्या का असर किस पर पड़ता है ?

(क) ज्ञान पर (ख) स्वर्णिम काल पर
(ग) माता-पिता पर (घ) विद्यार्थी के व्यक्तित्व पर

(ii) विद्यार्थी को किसके दिशा-निर्देशों पर चलना चाहिए ?

(क) माता-पिता (ख) माता-पिता और गुरु (ग) गुरु (घ) सहपाठियों

(iii) विद्यार्थी को किससे बचना चाहिए ?

(क) आपस में ईर्ष्या से (ख) बुरी संगत से

(ग) घृणा तथा कटुता (घ) उपर्युक्त सभी

(iv) विद्यार्थी खुद की पहचान कब बना सकते हैं ?

(क) खेल कूद में भाग लेकर (ख) सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लेकर

(ग) अपनी प्रतिभा जान कर (घ) विद्या प्राप्त कर

(v) गद्यांश के लिए उचित शीर्षक है -

(क) राष्ट्र-भक्ति (ख) विद्यार्थी के कर्तव्य (ग) अनुशासन (घ) स्वर्णिम काल

2 निम्नलिखित अपठित पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के लिए सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनिए । (1x5=5)

निज गौरव का नित ज्ञान रहे
हम भी कुछ हैं यह ध्यान रहे
मरणोत्तर गुंजित गान रहे
सब जाए अभी पर मान रहे
कुछ हो न तजो निज साधन को
नर हो, न निराश करो मन को।

प्रभु ने तुमको कर दान किए
सब वांछित वस्तु विधान किए
तुम प्राप्त करो उनको न अहो
फिर है यह किसका दोष कहो
समझो न अलभ्य किसी धन को
नर हो, न निराश करो मन को।

(i) कवि मनुष्य से क्या चाहते हैं ?

(क) वह नर बने (ख) वह धन को बचाए

(ग) वह धन को प्राप्त करे (ख) वह मन को निराश न करे

(ii) कवि हमें किस चीज़ का ज्ञान रखने को कहते हैं ?

(क) निज गौरव का (ख) निज धन का (ग) निज मन का (घ) निज तन का

(iii) प्रभु ने हमें क्या दान किया है ?

(क) हाथ (ख) धन (ग) ज्ञान (घ) भान

(iv) कवि के अनुसार हमारा दोष क्या है ?

(क) हम अलभ्य धन प्राप्त करते है (ख) हम गलत साधन चुनते हैं

(ग) हम मान रखते हैं (घ) हम वांछित वस्तु प्राप्त नहीं करते

(v) कवि इस काव्यांश में क्या सीख देना चाहते हैं?

(क) हमें हमारा साधन/प्रयत्न नहीं छोड़ना चाहिए (ख) हमें मनचाही/वांछित वस्तु प्राप्त करनी चाहिए

(ग) हमें मन को निराश नहीं करना चाहिए (घ) उपर्युक्त सभी

3. निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार लिखिए - (1x8=8)

(i) 'हमने गांधीजी की आत्माकथा पढ़ी।' वाक्य में सकर्मक क्रिया है -

(क) की (ख) हमने (ग) आत्मा-कथा (घ) पढ़ी

(ii) हमें <u>मान अपमान</u> की चिंता किए बगैर परिश्रम करना चाहिए - वाक्य में रेखांकित शब्द में कौन-सा विराम-चिह्न प्रयुक्त होना चाहिए ?

(क) उद्धरण (ख) योजक (ग) कोष्ठक (घ) इनमे से कोई नहीं

(iii) 'हमें <u>प्रतिदिन</u> प्रार्थना करनी चाहिए' रेखांकित क्रियाविशेषण का भेद है -

(क) रीतिवाचक (ख) कालवाचक (ग) स्थानवाचक (घ) परिमाणवाचक

(iv) जिसकी सीमा न हो - वाक्यांश का एक शब्द है -

(क) अमूल्य (ख) असहाय (ग) अपूर्व (घ) असीम

(v) किस शब्द में 'सम्' उपसर्ग का प्रयोग नहीं हुआ है -

(क) संभाषण (ख) संबंध (ग) सामजिक (घ) संपूर्ण

(vi) 'शिक्षित' शब्द में कौन-सा प्रत्यय प्रयुक्त हुआ है -

(क) इत (ख) त (ग) ईत (घ) क्षित

(vii) 'हेलेन केलर ने <u>पत्तियों को</u> छुआ |' रेखांकित शब्द में कौन-सा कारक है ?

(क) संबंध (ख) कर्म (ग) संप्रदान (घ) अपादान

(viii) जड़, फ़र्ज़, जंगल , बेटियाँ - इनमे अनुस्वार, अनुनासिक , नुक्ता युक्त शब्द-समूह है -

(क) जड़, फ़र्ज़, जंगल (ख) जड़, फ़र्ज़, बेटियाँ

(ग) फ़र्ज़, जंगल , बेटियाँ (घ) जड़, जंगल , बेटियाँ

4. निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार लिखिए - (1x8=8)

(i) 'घर-द्वार' में कौन-सा समास है ?

(क) द्वंद्व समास (ख) द्विगु (ग) कर्मधारय (घ) तत्पुरुष

(ii) किस शब्द में द्विगु समास नहीं है -

(क) षटकोण (ख) नवजीवन (ग) तिरंगा (घ) नवरात्रि

(iii) 'शुभ + आरंभ' की संधि है -

(क) शुभआरंभ (ख) शुभार्म्भ (ग) शुभारंभ (घ) इनमे से कोई नहीं

(iv) 'सुर + ईश' में कौन-सी संधि हुई है ; भेद बताइए -

(क) दीर्घ संधि (ख) गुण संधि (ग) विसर्ग संधि (घ) व्यंजन संधि

(v) <u>‘नीड़ का निर्माण फ़िर’</u> हरिवंश राय बच्चन द्वारा लिखित आत्मकथा है | रेखांकित शब्द में प्रयुक्त विराम चिह्न है -

(क) कोष्ठक (ख) अल्पविराम (ग) अर्धविराम (घ) उद्धरण चिह्न

(vi) ‘चाल’ के अनेकार्थी शब्द हैं -

(क) लाल, सूर्य सिंदूर (ख) हमला, ऊपर चढ़ना

(ग) सूर्य, सत्त , एक ,पौधा (घ) गति, धोखा, छप्पर

(vii) स्वयं को सर्वाधिक बुद्धिमान समझने वाले किसी की सुनते नहीं, ___________ | - रिक्त स्थान की पूर्ति सटीक मुहावरे से कीजिए -

(क) अपना राग अलापते हैं (ख) कलई खोलते हैं

(ग) आँखों में धूल झोंकते हैं (घ) उड़ती चिड़िया पहचानते हैं

(viii) मुहावरे और अर्थ के उचित मेल वाले विकल्प का चयन कीजिए -

(क) कमर कसना- निर्दोष होना (ख) आँखे नीची होना - दर-दर भटकना

(ग) कान भरना - चुगली करना (घ) कीचड़ उछालना - गंदगी फैलाना

5. निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के लिए सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनिए - (1X5=5)

लक्ष्मी थी या दुर्गा थी वह स्वयं वीरता की अवतार,
देख मराठे पुलकित होते उसकी तलवारों के वार,
नकली युद्ध, व्यूह की रचना और खेलना खूब शिकार,
सैन्य घेरना , दुर्ग तोड़ना , ये थे उसके प्रिय खिलवार ।
महाराष्ट्र-कुल-देवी उसकी भी आराध्य भवानी थी,
बुंदेले हरबोलों के मुँह हमने सुनी कहानी थी,
खूब लड़ी मर्दानी वह तो झाँसी वाली रानी थी ॥

(i) लक्ष्मीबाई को ‘वीरता का अवतार’ क्यों कहा गया है ?

(क) उसने मराठों को पुलकित किया (ख) वह नकली युद्ध लड़ती थी

(ग) वह शिकार खेलती थी (घ) वह वीरतापूर्वक अंग्रेजों से लड़ी

(ii) लक्ष्मीबाई की तलवार के वार को देखकर कौन पुलकित होते थे ?

(क) उसके पिताजी (ख) मराठे (ग) अंग्रेज़ (घ) कवि

(iii) लक्ष्मीबाई किसकी अराधना करती थीं ?

(क) महाराष्ट्र-कुल की (ख) लक्ष्मी माता की (ग) शिवाजी की (घ) भवानी की

(iv) झाँसी की रानी की कहानी कौन गाता है ?

(क) शिवाजी (ख) मराठे (ग) बुंदेले (घ) दुर्गा

(v) प्रस्तुत काव्यांश किस कविता से लिया गया है ?

(क) झाँसी की रानी (ख) साथी हाथ बढ़ाना (ग) वन के मार्ग में (घ) मैं सबसे छोटी होऊँ

6. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के लिए सर्वाधिक सटीक विकल्प का चयन कीजिए- (5X1=5)

लोकगीत अपनी लोच, ताज़गी और लोकप्रियता में शास्त्रीय संगीत से भिन्न हैं । लोकगीत सीधे जनता का संगीत हैं । घर, गाँव नगर की जनता का गीत हैं ये । इनके लिए साधना की ज़रुरत नहीं होती । त्योहारों तथा विशेष अवसरों पर ये गाए जाते हैं । इनके रचनाकार अधिकतर गाँव के लोग ही होते हैं। स्त्रियों ने इसकी रचना में विशेष योगदान दिया है । ये बाजों की मदद के बिना ही या साधारण ढोलक, झाँझ, बाँसुरी करताल आदि की सहायता से गाए जाते हैं । एक समय था, जब शास्त्रीय संगीत के सामने इनको हेय समझा जाता था, परंतु साधारण जनता की ओर, जब से लोगों की नज़र फिरी है, तब से कला और साहित्य के क्षेत्र में भी परिवर्तन हुआ है। अनेक लोगों ने विविध बोलियों के लोक-साहित्य और लोकगीत के संग्रह के लिए कमर कस ली है और इस प्रकार के अनेक संग्रह अब तक प्रकाशित भी हो गए हैं।

(i) प्रस्तुत गद्यांश किस पाठ से लिया गया है ?

(क) नौकर (ख) संसार पुस्तक है (ग) लोकगीत (घ) बचपन

(ii) लोकगीत किस जनता के गीत हैं ?

(क) घर की (ख) गाँव की

(ग) नगर की (घ) उपर्युक्त सभी

(iii) लोकगीत गाने के लिए किस चीज़ की आवश्यकता नहीं होती ?

(क) ढोलक, झाँझ, बाँसुरी करताल (ख) साधना

(ग) लोक साहित्य (घ) विविध बोलियों

(iv) किसने लोकगीत की रचना में विशेष योगदान दिया है ?

(क) नगरवासियों ने (ख) देहाती लोगों ने

(ग) स्त्रियों ने (घ) गाँव के लोगों ने

(v) शास्त्रीय संगीत के सामने इसे हेय समझा जाता था - 'हेय' का अर्थ है -

(क) अच्छा (ख) तुच्छ (ग) विशेष (घ) ऊपर

7. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए उचित विकल्प का चयन कीजिए । (1x4=4)

(i) 'मैं सबसे छोटी होऊँ ' कविता के कवि कौन हैं ?

(क) शमशेर बहादुर सिंह (ख) सुमित्रानंदन पंत

(ग) साहिर लुधियानवी (घ) सुभद्राकुमारी चौहान

(ii) 'जो देखकर भी नहीं देखते' पाठ में हेलेन केलर की मित्र कहाँ से सैर करके लौटीं ?

(क) पहाड़ से (ख) जंगल से (ग) नदी तट से (घ) उपर्युक्त सभी

(iii) 'संसार पुस्तक है ' पाठ में जवाहरलाल के अनुसार धरती पहले कैसी थी ?

(क) पर्यावरण युक्त (ख) जल युक्त

(ग) वायु रिक्त (घ) गरम

(iv) बचपन में कृष्णा सोबती जी घुड़सवारी करने कहाँ जाती थीं ?

(क) शिमला रिज पर (ख) मनाली रिज पर (ग) कुलुरिज पर (घ) कश्मीर रिज पर

खंड - 'ब' (वर्णनात्मक प्रश्न)

8 निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में लिखिए - (3x3=9)

(i) नौकर पाठ के आधार पर गांधीजी की किन्हीं दो विशेषताओं का वर्णन कीजिए |

(ii) अंत में राजप्पा ने अपनी अलबम नागराजन को देने का निश्चय क्यों किया ?

(iii) चाँद को देखकर बालिका के मन में क्या-क्या विचार उठते हैं ? अपने शब्दों में लिखिए ।

(iv) 'साथी हाथ बढ़ाना' कविता का मूलभाव क्या है बताते हुए लिखिए कि आप किसे अपना साथी समझते हैं और क्यों ?

9. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में लिखिए - (3x3=9)

(i) सीताजी की आँखें क्यों भर आईं - 'वन के मार्ग में' कविता के आधार पर लिखिए ।

(ii) कृष्णा सोबती जी की पोशाक में समय के साथ क्या बदलाव आया ?

(iii) स्त्रियों द्वारा गाए जाने वाले लोकगीतों की क्या विशेषता है ?

(iv) 'संसार रुपी-पुस्तक' को हम कैसे पढ़ सकते हैं ?

10. (क) आपके छोटे भाई के सामयिक परीक्षा-3 में कम अंक आए थे । उसे वार्षिक परीक्षा की तैयारी हेतु सुझाव देते हुए उसके साथ हुई बातचीत को संवाद-शैली में 80-100 शब्दों में लिखिए | (1x5=5)

अथवा

(ख) 'स्वच्छता के महत्व' पर दो मित्रों के बीच हुई बातचीत को संवाद-शैली में 80-100 शब्दों में लिखिए |

11. निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर संकेत बिन्दुओं के आधार पर लगभग 100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए - (1x5=5)

(क) 'सारे जहाँ से अच्छा हिंदोस्ताँ हमारा'

- ✧ भारत की भौगोलिक-सांस्कृतिक विविधता
- ✧ विविधता में एकता का महत्व
- ✧ हमारा उत्तरदायित्व
- ✧ उपसंहार

(ख) मोबाइल फ़ोन से लाभ या हानि

- ✧ मोबाइल यंत्र का आविष्कार
- ✧ आज के युग में मोबाइल के विभिन्न प्रयोग
- ✧ विद्यार्थी के लिए मोबाइल प्रयोग में सावधानी
- ✧ निष्कर्ष

(ग) पुस्तकें - हमारी मित्र

- ✧ पुस्तकों के प्रकार
- ✧ विद्यार्थियों के लिए पुस्तकों की आवश्यकता
- ✧ पुस्तकों का महत्व
- ✧ उपसंहार

12. (क) आपके विद्यालय में खेल के लिए नए और आधुनिक सामान मँगवाने का अनुरोध करते हुए अपने खेल शिक्षक को लगभग 80-100 शब्दों में पत्र लिखिए । (1x5=5)

अथवा

(ख) अपने मित्र को प्रातःकालीन भ्रमण के लाभ बताते हुए लगभग 80-100 शब्दों में पत्र लिखिए ।

13. (क) 'लक्ष्य' कलम बनाने वाली कंपनी की बिक्री बढ़ाने हेतु लगभग 50 शब्दों में कलम का आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए । (1x3=3)

अथवा

(ख) विद्यालय में होनेवाली 'वाद-विवाद प्रतियोगिता' की जानकारी देते हुए लगभग 70-80 शब्दों में सूचना लिखिए ।

14 दिए गए चित्र को ध्यानपूर्वक देखकर मन में उभरने वाले विचारों को लगभग 80-100 शब्दों में लिखिए | विचारों का वर्णन स्पष्ट रूप से चित्र से संबंधित होना चाहिए | (1x4=4)

